C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 114 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## एसीबी का बड़ा ट्रैपः एसएमएस मेडिकल कॉलेज के एडिशनल प्रिंसिपल रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

### गोपालपुरा पुलिया स्थित आवास से मिली रिश्वत की रकम

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

**डॉ. चेतन ठठेरा ।** राजस्थान की चिकित्सा जगत में गुरुवार शाम बड़ी कार्रवाई हुई जब भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रिंसिपल और न्यूरोसर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष अग्रवाल को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई शाम 7 बजे गोपालपुरा पुलिया स्थित उनके सरकारी आवास पर की गई।

एसीबी एडीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी डॉक्टर ने भामाशाह योजना के तहत ब्रेन हेमरेज मरीजों के इलाज में प्रयुक्त ब्रेन कॉइल सप्लाई करने वाली फर्म से तीन माह से लंबित बिलों को पास करने के एवज में रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद एएसपी संदीप सारस्वत के नेतृत्व में ट्रैप की कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, फर्म प्रतिनिधि जब बिल लेकर आरोपी के पास पहुंचा तो डॉ. मनीष ने बिल फेंकते हुए कहा कि अभी पास नहीं होंगे। बाद में उन्होंने प्रतिनिधि को घर बुलाकर शाम 7 बजे पैसे लाने के



लिए कहा। प्रतिनिधि ने एसीबी को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद टीम ने सत्यापन कर योजना बनाई। निर्धारित समय पर प्रतिनिधि डॉक्टर के घर पहुंचा। कुछ ही देर में एसीबी की टीम भी घर के अंदर घुसी। अचानक कार्रवाई देखकर डॉक्टर घबरा गया और रिश्वत की राशि बगल के प्लॉट में फेंक दी, जिसे टीम ने बरामद कर लिया।

एसीबी ने आरोपी से रिश्वत की रकम जब्त कर ली है और उससे पूछताछ जारी है। ब्यूरो ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अस्पताल से छुट्टी से पहले आया अटैक, नहीं बच सके हनुमंत मीणा

### बेटे की मौत की खबर मिलते ही टोंक से जयपुर लौटे सांसद हरीश मीणा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

कांग्रेस सांसद और पूर्व डीजीपी हरीश मीणा के इकलौते बेटे हनुमंत मीणा (42) का गुरुवार दोपहर हार्ट अटैक से निधन हो गया। जयपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उन्हें अटैक आया । दो दिन पहले सीने में दर्द की शिकायत पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच रिपोर्ट सामान्य आने के बाद गुरुवार को उन्हें छुट्टी मिलने वाली थी, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने से उनकी जान नहीं बच सकी।

डॉक्टरों ने बताया कि दोपहर करीब 3 बजे हनुमंत को अटैक आया। उस समय वार्ड में मौजूद चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया, मगर उन्हें बचाया नहीं जा सका। निधन की सूचना मिलते ही परिवार और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई।

सूचना मिलने पर हरीश मीणा, जो उस समय सवाई माधोपुर और टोंक में चल रही कांग्रेस बैठकों में शामिल होने जा रहे थे, बीच रास्ते से ही जयपुर लौट आए। शाम को जयपुर के आदर्श नगर श्मशान घाट में



अंतिम संस्कार किया गया, जहां राजनीतिक और सामाजिक जगत के कई लोग मौजूद रहे।

टोंक में कांग्रेस की बैठक स्थगित

हनुमंत मीणा के निधन की खबर मिलते ही टोंक में कांग्रेस संगठन की चल रही बैठक स्थगित कर दी गई। बैठक में पूर्व मंत्री ममता भूपेश समेत कई नेता मौजूद थे, जो बिना बैठक किए ही लौट गए।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, टोंक विधायक सचिन पायलट, और अन्य कई कांग्रेस नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि हनुमंत मीणा का निधन कांग्रेस परिवार और मीणा समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## बनास नदी लीज की जांच के लिए टीम पहुंची, मौका रिपोर्ट आज कलेक्टर को सौंपेगी

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** आकोला गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में बजरी लीज को लेकर उठे विवादों के मद्देनज़र जिला प्रशासन ने मौके पर गुरुवार को जांच टीम भेजी। माइनिंग इंजीनियर महेश शर्मा के नेतृत्व में पहुंची टीम ने नदी का मौके पर मुआयना किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

टीम में आरो, पॉलिसन, माइनिंग,



रिवेन्यू विभाग के अधिकारी, नायब तहसील बड़लियास के मदन लाल शर्मा, गिरदावर कृष्ण गोपाल शर्मा और जीवा का खेड़ा के पटवारी अमित बिश्नोई शामिल रहे । ग्रामीणों ने लीज धारक से मशीनों के बजाय मजदूरों से बजरी निकालने की मांग की, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। साथ ही, उन्होंने खनन सीमा, वार्षिक 0.5 मीटर खनन, चारागाह भूमि की अतिक्रमण मुक्त स्थिति और रॉयल्टी कर्मचारियों की जांच जैसी अन्य प्रमुख मांगें भी रखीं।

महेश शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर द्वारा गठित कमेटी ने मौके पर मौका रिपोर्ट तैयार की है, जिसे शुक्रवार को कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा।

## नगर पालिका बिजोलिया की प्रथम वर्षगांठ पर भीलवाड़ा फोकस जनता से होगा रूबरू

### अब सोशल मीडिया से नहीं, मंच से उठेगी आवाज


**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नगर पालिका बनने के एक वर्ष पूरे होने पर भीलवाड़ा फोकस विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, जिसमें जनता और जनप्रतिनिधियों के बीच सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। यह मंच न केवल पिछले एक साल के नगर पालिका के कामकाज और उपलब्धियों को सामने लाएगा, बल्कि जनता द्वारा झेली गई परेशानियों और स्थानीय समस्याओं पर भी खुलकर चर्चा का अवसर देगा।

कार्यक्रम 11 अक्टूबर, शनिवार को नगर पालिका चौक, बिजोलिया में शाम 7 बजे आयोजित होगा। इसमें नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी और राजनीतिक दलों के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल होंगे। जनता सीधे मंच से अपने सवाल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से पूछ सकेगी, जिससे स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल होगी।

भीलवाड़ा फोकस की यह पहल सुनिश्चित करेगी कि नगर पालिका की पहली वर्षगांठ केवल औपचारिकता न बनकर जनता की आवाज़ को मंच तक पहुंचाने का अवसर बने।

भीलवाड़ा फोकस ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों और इस संवाद




कार्यक्रम का हिस्सा बनें। यह आयोजन पारदर्शिता, सहभागिता और स्थानीय समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा ।

## गंगापुर में व्यक्ति की बेरहमी से हत्या, धारदार हथियार से वार चार हिरासत में



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

गंगापुर-रायपुर रोड किनारे गुरुवार को एक 54 वर्षीय व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान छतरपुरा निवासी अमरचंद (54) पुत्र गोरू बंजारा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, मृतक के सिर पर धारदार हथियार से वार किए गए हैं। सूचना पर पहुंची एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। प्रारंभिक जांच में लूट की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि मृतक के सोने-चांदी के गहने गायब हैं।

परिजनों ने बताया कि अमरचंद बुधवार सुबह घर से निकला था और दोपहर में फोन पर बात हुई थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, जिसके बाद गुरुवार को लाश मिलने की सूचना मिली।

मृतक के परिजनों ने 25 लाख रुपये मुआवजे और रायपुर थाना प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर धरना दिया। देर रात प्रशासन से वार्ता के बाद नियमानुसार मुआवजा दिलाने और बेटे को नगर पालिका में संविदा नियुक्ति देने पर सहमति बनी, जिसके बाद पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

पुलिस ने चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, थाना अधिकारी अर्जुनलाल गुर्जर को लाइन हाजिर कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या के कारणों का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## आसींद में ईको कार ट्रक से टकराई , चाय व्यापारी दंपती की मौत , 3 घायल





**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

नेशनल हाईवे 158 पर पालड़ी गांव के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आसींद निवासी चाय व्यापारी के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा । दुर्घटना में व्यापारी गौतम कावड़िया (48) और पत्नी अरुणा कावड़िया (44) की मौत हो गई। वही बेटा ऋषभ (25), बेटी और बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। परिवार नाकोड़ा भैरव के दर्शन कर लौट रहा था, तभी उनकी ईको कार ट्रक से टकरा गई।

आसींद थाना प्रभारी हंसपाल सिंह ने बताया कि गौतम कावड़िया कस्बे में चाय पत्ती के व्यापार में सक्रिय थे और आसपास के कई क्षेत्रों में चाय सप्लाई करते थे। उनका बेटा ऋषभ भी इस कारोबार को संभालता है । हादसे में आरोपी ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है और ट्रक को जब्त कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 6 बजे हुई। घायलों को तुरंत आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद तीनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए।

C M Y K

# अखिल भारतीय तेली महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन कल से



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

अखिल भारतीय तेली महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 11 और 12 अक्टूबर को कस्बे की बोहरा जी की बगीची में आयोजित होगा। समाज की एकता और संगठन सशक्तीकरण को समर्पित इस राष्ट्रीय आयोजन को लेकर तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। गुरुवार को कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण करते हुए प्रदेश अध्यक्ष शिव चंद्रवाल, राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश चंद्र तेली, पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र साहू, देवी लाल चंद्रवाल और सोहन चंद्रवाल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिव चंद्रवाल ने बताया कि अधिवेशन में देशभर से समाज के पदाधिकारी, प्रदेशाध्यक्ष, युवा और महिला अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। अधिवेशन का शुभारंभ शनिवार दोपहर 2 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक भोजन रखा गया है। रविवार सुबह 10 बजे रिद्धि-सिद्धि मैरिज गार्डन में राष्ट्रीय अधिवेशन का मुख्य सत्र आयोजित होगा। चंद्रवाल ने बताया कि सभी तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और समाज के कार्यकर्ता इस भव्य आयोजन को लेकर उत्साहित हैं

# शुद्ध आहार पर वार अभियान: 200 किलो मिलावटी मावा नष्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत भीलवाड़ा में दिवाली पर्व से पहले विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है । इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को मै. श्री देव मावा भंडार और जगदम्बा स्वीट्स हरीपूरा चौराया से कुल लगभग 200 किलोग्राम मिलावटी मावा जब्त कर जनहित में नष्ट किया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जिले भर से कुल 5 खाद्य नमूने लिए और जांच के लिए अजमेर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजे। मौके पर पाये गये मावे में पाम ऑयल से निर्मित मावा शामिल था। साथ ही रमेशचन्द्र मंडल से सोहन पापड़ी और गुलाब जामुन, तथा जगदम्बा स्वीट्स से मावा बर्फी और मावा पेडा के नमूने लिए गए।

डॉ. शर्मा ने कहा कि शुद्ध आहार-मिलावट अभियान के तहत पूरे जिले में सतत निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी। खाद्य कारोबारियों को निर्देशित किया गया है कि वे खाद्य अनुज्ञा पत्र प्रदर्शित रखें, खाद्य तेल और मसालों को खुले में न बेचें, साफ-सफाई बनाए रखें, खाद्य सामग्री को ढककर रखें और केवल उच्च गुणवत्ता वाले पैकेजिंग मटीरियल का उपयोग करें।

शर्मा ने चेतावनी दी कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई, जुर्माना और अन्य कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव और सहायक कर्मचारी गोपाल लाल शर्मा भी मौजूद रहे।

# शहर की जर्जर सड़कों को मिलेगा नया रूप, कोठारी की पहल पर शुरू हुआ निर्माण कार्य

## 3.70 करोड़ से बनेगी रीको रोड, एमजी अस्पताल परिसर में भी सीसी सड़क का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में गुरुवार को 11.80 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्यों की श्रृंखला की शुरुआत हुई। निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर दो प्रमुख परियोजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया गया।

चित्रगुप्त सर्किल से रीको होते हुए पुर रोड तक 2.80 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का मंत्रोच्चार और कीर्तन के साथ शुभारंभ किया गया, जिसकी लागत 3.70 करोड़ रुपये है। यह सड़क 2013 में बनी थी, लेकिन लंबे समय से क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन प्रभावित हो रहा था। नई सड़क बनने से चित्तौड़ और कोटा मार्ग के भारी वाहनों के साथ औद्योगिक क्षेत्र में आने-जाने वालों को राहत मिलेगी।

कार्यक्रम का शुभारंभ पं. द्वारिकादास शर्मा के मंत्रोच्चार और इस्कॉन मंदिर के संत आशुतोष दास, हरिचेतन दास, बृजकुमार दास और रत्नभाव दास के कीर्तन से हुआ। इस अवसर पर विचार परिवार के वरिष्ठ अशोक चौहान मुख्य अतिथि, जबकि सत्यनारायण वैष्णव और



अभिजीत सारड़ा विशिष्ट अतिथि रहे।

इससे पूर्व महात्मा गांधी अस्पताल परिसर में 1.80 करोड़ रुपये की लागत से सीसी सड़कों के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# माल का खेड़ा में ग्रामीण सेवा शिविर में समस्याओं का हुआ त्वरित निस्तारण




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

**मानव तिवाड़ी ।** ग्राम पंचायत माल का खेड़ा में गुरुवार को उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में राजस्व मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया।शिविर में अंजू बाला पत्नी चंद्रशेखर स्वर्णकार द्वारा भूमि बंटवारे का प्रकरण पेश किया गया, जिस पर उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार तहसीलदार ललित डीडवानिया ने दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही दस्तावेज जांचकर नियमानुसार आदेश जारी किया।इसी दौरान बालु लाल निवासी माल का खेड़ा के नाम सुधार आवेदन पर भी तत्काल जांच कर राजस्व अभिलेखों में आवश्यक संशोधन किया गया। प्रशासन की तत्परता से ग्रामीणों ने संतोष और प्रसन्नता व्यक्त की।

# काछोला पुलिस की कार्रवाई, बनास नदी से बजरी भरकर ले जा रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

**विक्रम सिंह ।** अवैध बजरी खनन और परिवहन पर रोक के तहत थाना पुलिस ने बुधवार रात्रि को बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की हैं । थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा ने बताया कि नाहरगढ़ क्षेत्र स्थित बेरवा की ढाणी के पास बनास नदी से अवैध रूप से बजरी भरकर



ले जा रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा गया ,सभी वाहनों को मौके पर ही जप्त किया गया है तथा संबंधित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है ।

गौरतलब है कि नवनियुक्त थाना प्रभारी शर्मा के आने के बाद लगातार काछोला क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन दोहन पर कारवाई जारी हे जिससे क्षेत्र के माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हे।

# स्थानांतरण पर प्रधानाचार्य मीणा का सम्मान, ग्रामीणों ने जताया स्नेह




**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टोलू का लुहारिया में गुरुवार को प्रधानाचार्य शिवराज मीणा के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित हुआ। विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने उन्हें पुष्प वर्षा कर भावभीनी विदाई दी। ग्रामीणों ने कहा कि मीणा के नेतृत्व में विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन और संस्कार की नई मिसाल कायम की है। वहीं, प्रधानाचार्य मीणा ने कहा कि इस सत्र में 95% से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को हवाई यात्रा करवाई जाएगी।

उन्होंने भावुक होते हुए कहा विदाई केवल शब्द है, संबंध हमेशा बने रहेंगे। कार्यक्रम में रमेश कुमार शर्मा, सत्यनारायण सेन, सांवरिया सालवी, मीरा देवी, भावना कंवर राजपूत सहित विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति में तेजी लाएं चिकित्सक: सीएमएचओ शर्मा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पंकज पोरवाल)** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को सीएमएचओ कार्यालय में जिला स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों, ग्रामीण-शहरी शिविरों, डाटा फीडिंग और मौसमी बीमारियों की रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्ष्य अनुसार प्रगति में सुधार करें और डाटा फीडिंग में हो रही देरी समाप्त करें। बैठक में अति. सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया, सभी ब्लॉक सीएमओ व अनुभाग अधिकारी मौजूद रहे। सीएमएचओ ने टीबी मुक्त भारत अभियान, सिलिकोसिस पीड़ितों की पहचान, एनसीडी स्क्रीनिंग, डेंगू-मलेरिया रोकथाम और फायर सेफ्टी कार्यों को



प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को डेक्सट्रोमिथारफेन युक्त कफ सिरप न दी जाए

# मांडलगढ़ विधायक की मौजूदगी में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित , लाभान्वित हुए कई लोग



**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

ग्राम पंचायत सामुदायिक भवन में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे। शिविर में ग्राम पंचायत द्वारा पुस्तैनी पट्टों का वितरण, टीबी मरीजों को किट प्रदान करना, सहकारी समिति में 50 नए सदस्यों का नामांकन, और पशुपालन मंगला योजना के तहत 60 पशुओं का बीमा वितरण किया गया। साथ ही बेटी जन्मोत्सव का आयोजन भी हुआ।


कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी रतिराम मीणा, सहायक सचिव भागीरथ मीणा, शक्ति केंद्र प्रभारी मनोज सनाढ्य, पंचायत सदस्य बरदा लाल, पूर्व सरपंच नानालाल गुर्जर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों ने लाडपुरा चौराहे की मुख्य सड़क की खराब स्थिति के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा।



## QUICK BITES

### बालिका विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।




शहर के पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्रधान रीता धोबी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से की। कार्यक्रम प्रभारी ने बताया कि इस वर्ष राजस्थान का सह-राज्य असम निर्धारित है। छात्राओं को असम की संस्कृति, भाषा, खानपान, लोक नृत्य और परंपराओं की जानकारी दी गई। कक्षा 10 की छात्रा दीक्षा मराठा ने असमिया लोक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। संस्था प्रधान ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारत की एकता और विविधता को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। अंत में प्रतिभागी छात्राओं को पारितोषिक दिए गए। कार्यक्रम का संचालन इंदिरा जैन ने किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ और छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

### फुलिया में राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद की वार्षिक आम सभा, महिलाओं ने लिया सक्रिय भाग

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा




**मूलचन्द पेसवानी।** राजस्थान ग्रामीण आजीविका परिषद की वार्षिक आम सभा गुरुवार, को फुलिया में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि फुलिया सरपंच रामधन , बीपीएम शिव प्रकाश टेलर, बैंक प्रतिनिधि नमोनारायण, पुलिस थाने के प्रभु और परिषद की सदस्यगण सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सभा का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट पेश की गई, पिछले वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा हुई और आगामी वर्ष के बजट, कार्यकारिणी चुनाव व नई योजनाओं की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। हुकमपुरा, माली खेड़ा, डोरिया, तस्वारिया, फुलिया, रामपुरा समेत 250 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं।

बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत राजस्थानी नृत्य, पोषण संबंधी प्रदर्शनी, रोमांचक खेल और साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम ने सभा में चार चाँद लगा दिए। सभा का समापन गरबा नृत्य के साथ हुआ।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता में दक्ष प्रथम

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



सिद्धार्थ ग्लोबल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को हुई अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में कृष्णा पब्लिक स्कूल के छात्र दक्ष सोनी पुत्र कमलेश सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दक्ष की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और परिजनों ने उनका सम्मान कर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# निजी विद्यालय संगठन की बैठक में एसीबीईओ डॉ. कुमावत का स्वागत

## शिक्षा को सेवा का माध्यम बनाकर कार्य करने का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(मूलचंद पेसवानी)।** ब्लॉक क्षेत्र के सभी निजी विद्यालयों के संगठन की बैठक आलोक सेंट्रल स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में हाल ही में नियुक्त एसीबीईओ डॉ. सत्यनारायण कुमावत का साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी ने की, जबकि संचालन संगठन अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास ने किया।

बैठक में एसीबीईओ भीलवाड़ा भंवरलाल बलाई, वरिष्ठ पदाधिकारी पूरणप्रकाश जोशी और सीपी डिडवानिया सहित अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे।

एसीबीईओ डॉ. कुमावत ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण की नींव है और शिक्षक समाज को दिशा देने वाले होते हैं, इसलिए शिक्षा को सेवा का माध्यम मानकर कार्य करना चाहिए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गीता माहेश्वरी ने विद्यालय संचालकों से यू-डाइस पोर्टल पर समय पर जानकारी अपलोड करने और आगामी आरटीई भौतिक सत्यापन के निर्देशों का पालन करने की अपील की। पूरणप्रकाश जोशी ने आरटीई, फीस कमेटी और ऑनलाइन पोर्टल से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी।

बैठक में लगभग 40 निजी विद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अंत में अध्यक्ष वीरेंद्र व्यास ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा सुधार के लिए ऐसे संवाद निरंतर जारी रहेंगे।

# शाहपुरा में पेयजल संकट बरकरार, सरकारी योजनाओं पर उठे सवाल

## कार्यरत पाइपलाइन पर नई लाइन बिछाने से नाराजगी, भील बस्ती अब भी शुद्ध पेयजल से वंचित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**मूलचंद पेसवानी।** राजस्थान सरकार की हर घर नल, हर घर जल योजना और चंबल परियोजना के बावजूद शाहपुरा नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल संकट खत्म नहीं हुआ है। करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी कई वार्ड और बस्तियाँ आज भी पानी के लिए जूझ रही हैं।

बेगू रोड क्षेत्र में करीब दो वर्ष पूर्व नगर पालिका द्वारा डाली गई पाइपलाइन पूरी तरह कार्यरत है, लेकिन अब जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अमृत जल योजना के तहत उसी मार्ग पर करीब 100 मीटर लंबी नई 4 इंच की पाइपलाइन बिछाई जा रही है।

जीव दया सेवा समिति के संयोजक अतू खा कायमखानी ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि कार्यरत पाइपलाइन के ऊपर नई लाइन डालना सरकारी धन की बर्बादी और ठेकेदारों को लाभ पहुँचाने का उदाहरण है।

उन्होंने बताया कि यह कार्य बिना तकनीकी आवश्यकता के किया जा रहा है, जबकि उसी क्षेत्र में सप्लाई पहले से सुचारू थी। विभाग की इस कार्यप्रणाली से स्थानीय लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

### भील बस्ती में अब भी पानी नहीं-

वार्ड संख्या 35 स्थित आईटीआई के पास की भील बस्ती अब भी पेयजल लाइन से नहीं जुड़ पाई है। बस्तीवासियों का कहना है कि विभागीय कर्मचारी उनसे 8000 तक की राशि लेकर जल कनेक्शन देने की बात कर रहे हैं। अतू खा कायमखानी ने बताया कि हर घर नल हर घर जल योजना का उद्देश्य गरीब और दलित परिवारों को निःशुल्क या रियायती दरों पर कनेक्शन उपलब्ध कराना है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति उलट है।

### कुरैशी मोहल्ले में तकनीकी त्रुटि-

दरगाह अहमद अली सरकार के सामने स्थित कुरैशी मोहल्ले में डाली गई पाइपलाइन सतह के ऊपर बिछाई गई है, जिससे पानी का दबाव नहीं बन पाता और आपूर्ति बाधित रहती है। स्थानीय निवासियों ने कई बार विभाग और प्रशासन को ज्ञापन देकर समाधान की मांग की, मगर अब तक कार्रवाई नहीं हुई।

### भ्रष्टाचार और लापरवाही पर जांच की मांग-

अतू खा कायमखानी ने कहा कि यदि विभागीय भ्रष्टाचार और ठेकेदारों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो हर घर नल, हर घर जल योजना कागजों तक ही सीमित रह जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शाहपुरा की कार्यप्रणाली की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले से कार्यरत पाइपलाइन के ऊपर नई लाइन बिछाने की कोई आवश्यकता नहीं थी। उन्होंने मांग की है कि योजनाओं की निगरानी जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी से की जाए ताकि ठेकेदारों की मनमानी पर रोक लग सके और जनता को वास्तव में शुद्ध पेयजल का लाभ मिल सके।

# विधायक डॉ. बैरवा ने किया शहरी सेवा शिविर का अवलोकन, पात्रों को पट्टे वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



नगर पालिका परिसर में गुरुवार को वार्ड नंबर 25 और 26 का शिविर आयोजित किया गया। शिविर का अवलोकन विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने किया और पात्र लाभार्थियों को आवासन पट्टे, नामांतरण प्रमाणपत्र एवं भवन मानचित्र स्वीकृति पत्र प्रदान किए।

नगर पालिका अध्यक्ष रघुनन्दन सोनी एवं आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि शिविर में नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। पालिका द्वारा 11 जन्म प्रमाण पत्र, 1 विवाह प्रमाण पत्र जारी किए गए, साथ ही 31 रोड लाइटें दुरुस्त की गईं और 3 नई लाइटें लगाई गईं। प्राप्त 1 सफाई शिकायत का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

विद्युत विभाग ने 5 शिकायतों का समाधान किया, जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरक पोषाहार योजना के तहत 4 लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत 1 आवेदन का निस्तारण किया गया तथा पोषण ट्रैकर पर 4 लाभार्थियों की एफआरसी व ई-केवाईसी की गई।

चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में 44 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री राजेन्द्र बोहरा, पार्षद दुर्गालाल कहार, मोहन गुर्जर, लालाराम नायक, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश धाकड़, कनिष्ठ अभियंता कुलदीप जैन, सहायक प्रशासनिक अधिकारी भारत वैष्णव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सालरिया खुर्द विद्यालय में नवीन कक्षाओं का लोकार्पण किया

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।




**मूलचंद पेसवानी।** पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरड़िया स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सालरिया खुर्द में गुरुवार को विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने नवीन निर्मित दो कक्षा-कक्षों का लोकार्पण किया। ये कक्षाएं समग्र शिक्षा अभियान 2024-25 के तहत निर्मित की गई हैं।

कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण अंचलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है, और इसके लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। विधायक ने इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों से संवाद भी किया । इस अवसर पर भाजपा जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, शाहपुरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, जीएसएस अध्यक्ष एवं सरपंच प्रतिनिधि देबी लाल गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि अरनिया घोड़ा दया शंकर गुर्जर, विठ्ठल शर्मा, शिक्षकगण, एवं देवतुल्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में मदर्स कम्पटीशन का आयोजन

## स्मार्ट टीवी का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने किया उद्घाटन

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

शिक्षा में नवाचार और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, आसींद में सामुदायिक गतिविधि कार्यक्रम के तहत बाल वाटिका विद्यार्थियों के जन्मदिवस समारोह एवं मदर्स कम्पटीशन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ने की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से बाल वाटिका में नई स्मार्ट टीवी लगाई गई ।

कार्यक्रम में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावक, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य शंभू सेन, एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# डॉ देवेन्द्र मेवाडा की जयंती पर स्कूली छात्रों को ऊनी वस्त्र वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**नरेश धाकड़** । डॉ देवेन्द्र मेवाडा मेमोरियल संस्थान, के तत्वाधान में गुरुवार को स्व. मेवाडा की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में डामरिया स्थित प्राइमरी स्कूल में असहाय बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को ऊनी वस्त्र, पाठ्यपुस्तक सामग्री, फल और बिस्किट वितरित किए गए। इसके बाद



इंद्रपुरा गोशाला में गोमाता को गुड़ और दलिया का भोग अर्पित किया गया।संस्थान के एडवोकेट चंद्र शेखर मेवाडा ने बताया कि कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष डॉ डी.एस. मेहर ने डॉ देवेंद्र जी मेवाडा के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एसीबीओ कन्हैया लाल शर्मा, मनोज गोधा, अंकित तिवाड़ी, इमरान हुसेन, राहुल अहीर, महेंद्र पंवार और महेंद्र चोहान सहित संस्थान के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. चेतन ठठेरा बने ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के प्रदेश अध्यक्ष

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के.डी. सिंह ने की घोषणा, प्रदेश कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के.डी. सिंह ने राजस्थान प्रदेश के लिए नए प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति की है। इस पद पर वरिष्ठ पत्रकार डॉ. चेतन ठठेरा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि संघ देशभर में पत्रकारों के हितों की रक्षा एवं उनके अधिकारों के लिए सरकार और प्रशासन के समक्ष मजबूती से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में संगठन ने राजस्थान में अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु डॉ. ठठेरा को यह दायित्व सौंपा है।

डॉ. चेतन ठठेरा पिछले 37 वर्षों से



पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर की अनेक पत्र-पत्रिकाओं में प्रभारी एवं वरिष्ठ पत्रकार के रूप में सेवाएँ दे चुके हैं।

महामंत्री त्रिपाठी ने बताया कि डॉ. ठठेरा को राजस्थान प्रदेश की नई कार्यकारिणी गठित करने के निर्देश दिए गए है।

# खजीना में संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला/ सवाईपुर

**जसवंत पारीक/ सांवर वैष्णव**

खजीना गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में पिछले पांच दिनों तक चल रही संभाग स्तरीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय 14 व 19 वर्ष बालिका वर्ग प्रतियोगिता का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन और एथलेटिक्स खेलों का आयोजन हुआ। समापन समारोह में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि विभागीय अधिकारी डॉ. कृष्ण गोपाल जांगिड़, पीईईओ आकोला मनीषा पारीक, पंचायत




सदस्य दिलीप सिंह और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में 14 वर्ष वर्ग में मेवदा कला अजमेर ने कबड्डी और बैडमिंटन में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं 19 वर्ष वर्ग में मेजबान खजीना ने कबड्डी और वॉलीबॉल में जीत दर्ज की। खो-खो में ताऊसर और मोगास, बैडमिंटन में ताऊसर, वॉलीबॉल में खजीना और एथलेटिक्स में अजमेर, नागौर और भीलवाड़ा की बालिकाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, त्रिपद, गोला फेंक और रिले प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में 6 जिलों की 40 टीमों के 501 खिलाड़ी शामिल हुए। ग्रामीणों ने सभी टीमों को अपने घरों में ठहराया और प्रतिदिन 1200 से अधिक लोगों के भोजन की व्यवस्था की। बालिकाओं को स्नेह और सम्मान स्वरूप गिफ्ट, शॉल और आशीर्वाद देकर विदा किया गया। आयोजकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से यह प्रतियोगिता खेल और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में यादगार बन गई। विभागीय अधिकारी डॉ. कृष्ण गोपाल जांगिड़ ने समापन की घोषणा की और सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा पारितोषिक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# शाहपुरा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष चयन के लिए रायशुमारी सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**मूलचंद पेसवानी।** कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान के तहत गुरुवार को शाहपुरा में ब्लॉक और नगर कांग्रेस की संयुक्त बैठक मनमोहन वाटिका में संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी विकार रसूल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर, पीसीसी सदस्य बालू भील और अनुपम शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य भीलवाड़ा देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन को लेकर रायशुमारी करना था। इस अवसर पर शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर, ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत, नगर अध्यक्ष कार्यवाहक रमेश सेन



सहित सभी मंडल अध्यक्ष और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रभारी विकार रसूल ने कहा कि राहुल गांधी के निर्देशानुसार संगठन को जमीनी स्तर से मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है। पूर्व मंत्री बाबूलाल नागर ने कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की रीढ़ बताते हुए संगठन की मजबूती पर उनके समर्पण पर बल दिया। पीसीसी प्रतिनिधि बालू भील और अनुपम शर्मा ने कहा कि अध्यक्ष चयन में पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है ताकि योग्य और सक्रिय कार्यकर्ता नेतृत्व का अवसर पा सके। जिला अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि रायशुमारी रिपोर्ट उच्च नेतृत्व को भेजी जाएगी, जिसके बाद नया जिला अध्यक्ष शीघ्र घोषित किया जाएगा। बैठक में शाहपुरा प्रभारी कामिनी गुर्जर, नगर महामंत्री सुनील मिश्रा, मंडल अध्यक्ष और सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती के प्रति अपनी एकजुटता का संदेश दिया।

## QUICK BITES

### ललित अग्रवाल जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान की भीलवाड़ा इकाई के अध्यक्ष पद पर पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ललित अग्रवाल को मनोनीत किया गया है। स्टेट कॉर्डिनेटर गोपाल लाल माली ने प्रदेश अध्यक्ष नेमीचंद चौपड़ा द्वारा प्रेषित प्रस्ताव को अनुमोदित कर अग्रवाल की नियुक्ति की। अग्रवाल का कार्यकाल वर्ष 2 वर्ष तक रहेगा। जल्द ही जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया जाएगा।

### गिव अप अभियान से असल हकदारों को लाभ, 2.26 लाख नए जुड़े खाद्य सुरक्षा में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित गिव अप अभियान असल हकदारों तक लाभ पहुंचाने का आदर्श बनकर उभरा है। जिले में 1,76,411 लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी, जिससे 2,26,250 पात्र लाभार्थियों को जोड़ा गया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अभियान से वंचित लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना और आयुष्मान आरोग्य योजना जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री ने अभियान की अवधि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। अभियान के तहत नियमित सरकारी कर्मचारी, आयकरदाता या उच्च आय वाले परिवार अपात्र माने जाएंगे। जिले में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और पात्र व्यक्ति ई-मित्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। गिव अप अभियान की निगरानी उपायुक्त और संभागीय अधिकारियों द्वारा की जा रही है, और सोशल मीडिया, स्थानीय भाषाओं और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा रही है।

### बावड़ी में आयोजित हुआ ग्रामीण सेवा शिविर, ग्रामीणों को मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



**गजानंद जोशी** । उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बावड़ी में गुरुवार को ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी योजनाओं और सेवाओं से जोड़ा गया। कार्यक्रम में जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मांगीलाल जैन ने अध्यक्षता की।

शिविर में ग्राम पंचायत बावड़ी द्वारा ग्रामीणों को 25 पट्टे, 5 जॉब कार्ड, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान कई अटके मामले भी निपटाए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत तस्वारिया से बावड़ी जाने वाली लिंक रोड का 60 लाख रुपये का शिलान्यास विधायक मीणा ने किया। विधायक मीणा ने बताया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सेवा पर्व पखवाड़ा योजना के तहत हर ग्राम और शहर में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को भी लाभ मिल सके। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी, भाजपा नेता और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बालक के सर्वांगीण विकास में अनुशासन आवश्यकः कौशल श्रृंगी

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)** पंचायत समिति की मंसा पंचायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विदाई व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कौशल श्रृंगी ने कहा कि अनुशासन ही बालक के सर्वांगीण विकास की कुंजी है। कर्मचारी और विद्यार्थी दोनों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने से ही सफलता मिलती है। विशिष्ट अतिथि रीठ पंचायत शिक्षा अधिकारी निशा श्रोत्रिय, हरकचंद पाराशर, देवेन्द्र शर्मा, यशोदा देवी और आरूषी शर्मा रहे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य बलराम चौधरी ने विद्यालय की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सुदेश वर्मा, ज्ञानचंद बेरवा, राजाराम पाराशर, कालूलाल गुर्जर, भागीरथ मीणा, गिर्राज मीणा, प्रभुलाल जाट, लादूराम जाट, तबस्सुम बानू मेवाती, संगीता पाराशर, मंजू व्यास, मनोहर राज मीणा और युनुस परवेज़ मेवाती ने भी विचार रखे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।